हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–146 : जौनपुर, गुरुवार 28 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दौड़ हुई तेज : छह प्रमुख दावेदार–सूत्र

लखनऊ ब्यूरो : स्वतंत्रदेव सिंह के अध्यक्ष के पद से इस्तीफे के बाद पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ तेज हो गई है। इस दौड़ में ब्राह्मण नेताओं में पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, कन्नौज के सांसद एवं प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक, अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम, नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक प्रमुख दावेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार का खेमा पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा के पक्ष में है। पार्टी के एक राष्ट्रीय महामंत्री श्रीकांत शर्मा की पैरवी कर रहे हैं। वहीं बुधवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर हुई पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में बतौर प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव शामिल हुए। यदि शुक्रवार तक नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई तो 29 से 31 जुलाई तक चित्रकूट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षिण शिविर में भी स्वतंत्रदेव बतौर प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। पिछड़े वर्ग से केशव के नाम की भी चर्चा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी चर्चा में है। बीते दिनों केशव की



दो दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेताओं से मुलाकात के बाद से लखनऊ से दिल्ली तक केशव को फिर संगठन की कमान सौंपने की चर्चा है। केशव के नेतृत्व में भी भाजपा ने 2017 में 325 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। वहीं पिछड़े वर्ग में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा और पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी की दावेदारी है। दलित वर्ग में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं इटावा के सांसद रामशंकर कठेरिया भी इस दौड़ में हैं। पार्टी के एक पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं आरएसएस प्रचारक उनकी पैरवी कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री अश्विनी त्यागी, अमरपाल मौर्य भी दावेदार है।

## वन विभाग कार्यालय में वर्मी कम्पोस्ट और जल प्रबंधन पर एक परिचर्चा का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जन शिक्षण संस्थान जौनपुर द्वारा चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय वन विभाग के कार्यालय में वर्मी कम्पोस्ट और जल प्रबंधन पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी पियूष प्रताप जी रहे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के समय में जैविक खाद का बहुत ही महत्त्व है। जैविक खाद का प्रयोग करके हम आर्गेनिक फसलों का उत्पादन कर सकते है जो कि हानि रहित होती है, इसलिए हमे प्रचलित फर्टिलाइजर का प्रयोग ना करके जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए। निदेशक डॉ सुधा सिंह ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे केमिकल युक्त खाद्यान से अगर बचना है तो हमे जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए क्योकि जैविक खाद का प्रयोग करके ही हानि रहित खाद्यान का उत्पादन कर सकते है जो कि स्वास्थ और वातावरण दोनों के लिए लाभकारी है। इसी क्रम में निदेशक डॉ सुधा सिंह ने जल प्रबंधन पर वार्ता करते हुए कहा कि गिरते हुए जल स्तर को बचाने के लिए हमे जल संचयन करना चाहिए, क्योकि जल है तो जीवन



है। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनोद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव एवं वन विभाग के माली सूर्यन यादव, राम कुमार यादव, महेंद्र लाल, विपिन यादव विनोद यादव, अरविन्द यादव, सीता राम पाल और स्वयं सहायता समूह कि महिलाये सोना देवी, कांति देवी, सुलेखा, फुला, रेखा, मालती, गीता और उषा देवी आदि महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सरायख्वाजा पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर किया जागरूक

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार–धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में श्रावण मास व आगामी त्योहार को देखते हुए पुलिस ने बुधवार को सायंकाल में कोठवार,जमुहाई,सिद्दीकपुर में पैदल मार्च निकाला और संदिग्धों की सिद्दीकपुर व जमुहाई तिराहे पर चेकिंग कीय। सरायख्वाजा थाना



इंस्पेक्टर अवनीश कुमार राय के नेतृत्व में दर्जनो दरोगा और सिपाहियों के संग जमुहाई, काफरपुर, कोठवार,सिद्दीकपुर में पैदल मार्च कर लोगों को शांति प्रिय ढंग से रहने, बिना परमिशन के कोई त्योहार,और अनैतिक कार्य न करने, सड़क पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। वही श्रावण मास भर साफ सफाई के लिए जागरूक किया। और पालीथिन का भी हुआ चेकिंग, ठेले खोमचे वाले और किराने के दुकानदारों को भी हिदायत दिया। कि पालीथिन का प्रयोग कतई ना करें। अगर पालीथिन का प्रयोग करते हुए मिले तो भरना पड़ेगा जुर्बना।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका सहित अन्य पंजिकाओं का विस्तृत निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने एक एक– कर सभी पटल सहायकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कोई भी अध्यापक पठन–पाठन के समय के दौरान कार्यालय में ना दिखे। उन्होंने कहा कि कोई भी अध्यापक कार्यालय में अटैच नहीं होना चाहिए , जिसकी नियुक्ति जहां पर है वहीं पर अपनी सेवा दे। जिलाधिकारी ने कार्यालय के गेट के सामने सी.सी.टी.वी लगाए जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। उन्होंने कहा कि एक रजिस्टर बनाया जाए जिसमें कार्यालय में आने वाले का नाम ,मोबाइल नंबर, पता अंकित कराया जाए। जीजीआईसी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि बच्चों को टायकांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्होंने होमगार्ड कमांडेड को निर्देशित किया कि दो होमगार्ड की नियमित रूप से डयूटी गेट पर लगाई जाए जिससे कालेज कैंपस में बाहरी लोग व गाड़ियां प्रवेश न कर पाए। उन्होंने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं ईडीएम को निर्देशित किया कि कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर सभी कंप्यूटरो को क्रियाशील करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, रमेश यादव सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग– पंकज तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा ईडी जैसी संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग कर आज लगातार दूसरे दिन भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को छः घंटे की पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया गया। उ0प्र0 कांग्रेस प्रवक्ता श्री पंकज तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी को नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में पूछताछ के लिए बुलाये जाने पर आज प्रदेश की सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी जी के नेतृत्व में तथा जनपद गौतमबुद्धनगर, दिनेश शर्मा, फिरोजाबाद संदीप तिवारी, कुशीनगर, व्यास ओझा, मथुरा भगवान सिंह, सुल्तानपुर अभिषेक राणा, सिद्धार्थनगर काजी सुहैल अहमद, अलीगढ़ संतोष सिंह, तथा जनपद ललितपुर के जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह के नेतृत्व सहित लगभग प्रदेश के सभी जनपदों में केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ आज दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। प्रवक्ता ने आगे बताया कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद मा0 श्रीमती सोनिया गांधी जी को आज दूसरे दिन भी ईडी कार्यालय बुलाना उनसें घण्टों पूछ–ताछ करना सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का साक्षात प्रमाण है। जिस नेशनल हेराल्ड मामले को लंबी जांच के बाद 2015 में ईडी के द्वारा बंद कर दिया गया था, उसी मामले को सत्ता के इशारे पर 2018–19 में पुनः खोला गया। एक ऐसी संस्था जिसकी स्थापना अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के लिए हुई थी जिसका नेशनल हेराल्ड अखबार क्रान्तिकारियों का मुखपत्र था उसके विरूद्ध भाजपा का षणयंत्र कोई नई बात नहीं है, किन्तु नॉट फार प्राफिट की अवधारण पर स्थापित हुई संस्था में मनी लाण्ड्रिग का मामला चलाने वाली संस्थाओं के पतन का विषय देश के



लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। गरीबों, मजलूमों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, और देश की सुरक्षा पर लगातार मोदी सरकार को घेरने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग निंदनीय है। यह भारत लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र है। मोदी सरकार द्वारा अपने वादों की आठ साल की विफलताओं को छुपाने के लिए कूटरचित आरोपों एवं षड्यंत्रों के दम पर श्रीमती सोनिया गांधी जी एवं कांग्रेस पार्टी की छवि को भी खराब करने की साजिश का मंचन कर रही है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से मीडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक श्री श्याम किशोर शुक्ला, धीरेन्द्र सिंह धीरू, पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनोज तिवारी, चन्द्रशेखर मिश्रा, प्रदीप कनौजिया, शहनवाज मंगल आजमी, बृजेश सिंह, पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज यादव, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, प्रवक्ता पंकज तिवारी, विजेन्द्र सिंह, विशाल सिंह राजपूत, द्विजेन्द्र राम त्रिपाठी, सम्पूर्णानंद मिश्रा, राजगुरू नारायण, रमेश मिश्रा, राकेश पाण्डेय, दलजीत सिंह, पूर्व प्रत्याशी मनोज तिवारी, रेहान अहमद खान, पूर्व पार्षद के.के. शुक्ला, सोम विकल, श्रीमती सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, विषम सिंह, हीरालाल शास्त्री, जितेन्द्र वर्मा, अयूब सिद्दीकी, विभा त्रिपाठी, नजम शमीम, भीष्म कुमार अन्नू, नितान्त सिंह, गोविन्द्र सिंह सहित तमाम कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने महंगाई व जीएसटी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन : महंगाई का पुतला लाठी–डंडों से पीटकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन शौपा । आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकर्ता महंगाई व जीएसटी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एवं एक पुतला बनाकर उसकी पिटाई करते हुए जौनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे ।यह विरोध प्रदर्शन आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायणसिंह मुन्ना के अध्यक्षता में हुआ। जहां महंगाई पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने कहां की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है अडानी ने 2.5 लाख करोड़, विजय माल्या 10 हजार करोड़ ऐसे बहुत लुटेरों ने हजारों – लाखों करोड़ डकार गए बैंक खाली हो गया और खजाने भी खाली हो गए लेकिन मोदी सरकार इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और अब कुछ दिनों पहले मोदी सरकार ने खाने–पीने सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं पर भी जीएसटी लगा दिया जिस पर देश के मध्यवर्गीय परिवार एवं गरीब व जरूरतमंद परिवार जो कि पहले से ही महंगाई से परेशान था अब ऐसे जरूरतमंद चीजों पर जीएसटी लगने से इन सभी लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी होने लगी है इसलिए हम जीएसटी व बढ़ती महंगाई का पूर्ण रूप से विरोध करते हैं ।विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी ने कहां की सरकार पूंजीपतियों के लिए कार्य करती दिख रही है क्योंकि कारपोरेट टैक्सकोघटाकर 30ः से घटा कर 22ः कर दिया इस टैक्स को कम करने से 145000 करोड़ का घाटा देश को उठाना पड़ेगा ।महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा की आम आदमी पार्टी ने कहा हम



महंगाई के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहेंगे और जरूरतमंद मध्यवर्गीय एवं गरीब लोगों की आवाज हमेशा उठाते रहेंगे ।शाहगंज प्रभारी विनोद प्रजापति ने कहा कि जब तक महंगाई पर लगाम नहीं लगेगा तब तक हम इसके खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे ।जिला कार्यकारिणी सदस्य अमरनाथ यादव ने कहा के बढ़ती महंगाई से देश की गरीब जनता बहुत ही परेशान हो गई हैइसलिए अब जनता का आक्रोश भी दिखने लगा है। ।जफराबाद विधानसभा से समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि लगातार डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस एवं खाने–पीने वह आवश्यक वस्तुओं पर ळैज लगाकर कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, इससे देश के गरीब व मध्यवर्गीय परिवार एवं जरूरतमंद लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है इसलिए इन चीजों पर ळैज को जल्द से जल्द खत्म किया जाए।। इस विरोध प्रदर्शन में डॉ दिवाकर मौर्य अनिल धर पूजा सिंह अवधेश यादव लल्लन राम मनीष सिंह पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अलाउद्दीन राकेश हरिश्चंद्र हीरालाल शैलेंद्र बैजनाथ राजबहादुर राजेश यादव बीएल मौर्य के पी गुप्ता रमेश केसरी श्यामलाल राज बहादुर पाल विद्याधर दिलीप शिव जी मिश्रा धीरज संदीप रवि बिंद मोहम्मद जैदी इसरार जयप्रकाश चौहान रघुवंश यादव सुरेंद्र यादव मुरारी विशाल हिमांशु विनोद चंद्रिका संजय पाल मन्ना पाल शंभू नाथ प्रभुनाथ संदीप चौहान एवं जफराबाद विधानसभा से समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी तथा इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सहजनवा में फरियादियों के सामने भिड़ गए थाना प्रभारी व एस.आई : खूब हुई गाली–गलौच व मारपीट : घटना देखकर दंग रह गए लोग

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सहजनवां थाना परिसर में दरोगा राम प्रवेश सिंह फरियादियों के साथ बैठे थे। थानेदार अपने कक्ष से निकलने के बाद किसी कार्य से दरोगा को आवाज लगाने लगे। कई बार बुलाने पर दरोगा ने ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। सूत्रों की मानें तो थानेदार ने दरोगा से बात नहीं सुनने का आरोप लगाते हुए सवाल किया। दोनों में बातचीत का लहजा इतना बिगड़ गया कि तुम तड़ाम होने लगा। दरोगा ने थानेदार को मारा थप्पड़। इसी दौरान दरोगा ने थानेदार पर हाथ छोड़ दिया और दनादन चार पांच हाथ रसीद कर दिया। थाना परिसर में ही थानेदार की पिटाई देख फरियादी भी अवाक रह गए। मारपीट होते देख थाने का मुंशी भाग कर पहुंचा और दरोगा को दोनों हाथों से पकड़ कर दूर किया। थानेदार और दरोगा दूर होने के बाद भी एक दूसरे पर अपशब्दों की बौछार करने लगे। अन्य पुलिस कर्मियों के बार बार कहने के बाद दरोगा अपने आवास में गए और थानेदार अपने कक्ष में टी बैठ गए। अधिकारियों ने ली मामले की जानकारी। घटना पर एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी और सीओ कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने कहा कि जांच की गई है। दरोगा ने अनुशासनहीनता किया है। कार्रवाई के लिए रिपोर्ट एसएसपी को भेजी जा रही है। थानेदार और दरोगा में विवाद होने की खबर कस्बा से लेकर गांव तक आग की तरह पहुंच गई। हर तरफ लोग चटकारे लेकर चर्चा कर रहे है।

## ट्रक में घुसी बुलेट : दो युवकों की दर्दनाक मौत से परिजनों में मचा कोहराम

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मुंशीगंज अमेठी गौरीगंज बांदा टांडा मार्ग दरपीपुर मोड के पास गौरीगंज की तरफ से आ रहे बुलट सवार दरपीपुर मोड़ पहलवान वीर बाबा के पास गड्ढे में बुलट अनियंत्रित हुई जहा सुल्तानपुर से आ रही ट्रक में बुलेट जा घुसी जहां बृजेश यादव 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय दान बहादुर यादव थाना मुंशीगंज कोरारी लंछनशाह चेत पांडे का पुरवा,के निवासी थे स्थल दूसरा यवक पीछे बैठा बृजेश कोरी 25 वर्ष पुत्र राम मिलन दोनों घायलो को मुंशीगंज के संजय गांधी अस्पताल ले ले आए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया है जहां विधिक कार्यवाही हो रही है अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा है आपको बताता चलूं दोनों युवक गौरीगंज किसी कार्य से गए थे लौटते समय थाना मुंशीगंज अंतर्गत दरपीपुर मोड़ के पास दुर्घटना हुई जहां दोनों परिजनों में रो रोकर बुरा हाल है।

## गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गर्भवती महिला ने एंबुलेंस ने दिया बच्चे को जन्म ग्राम कुद्दूपुर निवासी अमरेश कुमार की पत्नी किरण गौण उम्र 24 वर्ष गर्भवती थी जिस की तबीयत खराब होने के कारण इलाज



हेतु जिला चिकित्सालय ले जा रहे थे रास्ते में उन्होंने अपने बच्चे को जन्म दिया है ने एंबुलेंस यूपी 32 म्ळ 1136 में बच्चे को जन्म रात्रि 8रू12 बजे 102 एंबुलेंस में दिया एंबुलेंस का नंबर एंबुलेंस स्टाफ म्डज शिव कुमार वर्मा तथा एंबुलेंस ड्राइवर रमेशचंद्र के सूझ बूझ से सुरक्षित बच्चे को जन्म दिया सूचना मिलते ही घर मे खुशी की लहर दौड़ गई दोनों जच्चा बच्चा सुरक्षित है और महिला जिला अस्पताल में भर्ती है

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जन्म सबका सामान्य होता है लेकिन अच्छे कर्मों से मौत को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### बोरिस जॉनसन के जाने से बदले हालात में भरोसेमंद शख्स की दरकार

भारतीय उपमहाद्वीप पर संकीर्ण एकेश्वरवादी चिंतन के आगमन (आठवीं शताब्दी) से पहले तक, वैदिक संस्कृति का फैलाव अफगानिस्तान से लेकर सुदूर पश्चिमी एशिया तक था। कोई आश्चर्य नहीं कि आज भारत के साथ उसकी मूल संस्कृति के वाहकों का परचम समस्त विश्व के अलग–अलग कोने में भव्यता के साथ लहरा रहा है।

विवादों से घिरे बोरिस जॉनसन के त्यागपत्र के बाद इंग्लैंड का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? इस दौड़ में अभी तक भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश वित्तमंत्री ऋषि सुनक और ब्रिटिश विदेशमंत्री लिज ट्रस आगे हैं। अब सुनक प्रधानमंत्री बनेंगे या नहीं, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है। परंतु उनका ब्रितानी राजनीति के शीर्ष पर लगभग पहुंच जाना, अपने आप में एक बड़ी घटना है, जो कई निहितार्थों को रेखांकित करती है। आज पूरी दुनिया में भारतीय मूल के सवा तीन करोड़ प्रवासी अमेरिका, यूरोप और अरब सहित पश्चिम एशिया के 30–35 देशों में बसते हैं।

इनमें से कई ने अथक परिश्रम, बौद्धिक दक्षता और कौशल के बल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। यह विश्व की अधिकांश बड़ी कंपनियों की बागडोर भारतीय मूल के सीईओ के हाथों में होने से भी स्पष्ट है, जिसमें गूगल , ट्विटर , माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम , अडोब , मास्टरकार्ड इत्यादि शामिल हैं। परंतु यह विस्तृत परिप्रेक्ष्य का एक छोटा अंश मात्र है। यदि मुझे आकलन करना हो, तो मैं विदेशों में बसे इन प्रवासियों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करूंगा।

भारतीय मूल के इन लोगों में एक वर्ग उन श्भारतीयोंश का है, जिनमें भारत केवल उतना ही जीवित है कि उनके पूर्वज किसी समय भारत से आए थे। ऐसे लोग पीढ़ी–दर–पीढ़ी संबंधित नई संस्कृति और जीवन–शैली में पल–बढ़कर अपनी मूल पहचान के प्रति न केवल हीन–भावना का शिकार हो जाते हैं, अपितु अपने नए अभिज्ञान के प्रति वफादारी सिद्ध करने हेतु अपनी मूल सनातन संस्कृति से भी चरम सीमा तक घृणा करने लगते हैं और सदैव भारत–विरोधी रवैया अपनाते हैं। इनमें राजनीतिक–राजनयिक वर्ग से लेकर स्वयंभू मानवाधिकारवादी–उदारवादी तक शामिल होते हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी इसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन पर मेरा, श्कमला हैरिस का अन्य पक्षश शीर्षक से आलेख इसी समाचार पत्र में 22 अगस्त, 2020 को प्रकाशित हुआ था। पाठकों को दिसंबर, 2013 का देवयानी खोब्रागड़े प्रकरण स्मरण होगा, जिसमें अमेरिका स्थित बतौर भारतीय उप–महावाणिज्यदूत देवयानी पर अपनी नौकरानी के अमेरिका में प्रवेश हेतु वीजा में फर्जीवाड़ा करने और उसे निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नहीं देने का आरोप लगा था।

तब न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के तत्कालीन अटॉर्नी प्रीत भरारा के प्रत्यक्ष–परोक्ष दिशा–निर्देशों पर देवयानी को किसी पेशेवर अपराधी या आतंकवादी की भांति सरेआम न केवल गिरफ्तार किया गया था, अपितु उनकी तलाशी तक ली गई थी। भारतीय प्रवासियों की दूसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो अपने काम से मतलब रखते हैं और इनमें से कई अपनी कमाई का एक हिस्सा स्वदेश में परिजनों–विशेषकर दंपत्ति, बच्चों या माता–पिता और दोनों को भेजते हैं। इस मामले में प्रवासी भारतीयों ने वर्ष 2021 में विश्व में सर्वाधिक 87 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि भारत भेजी थी।

यह परिवार नामक महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था के प्रति भारतीयों के विश्वास और दायित्व को प्रदर्शित करता है। विदेशों में इन मूल्यों का ह्रास भयावह रूप ले चुका है। इसका प्रमाण इन आंकड़ों में मिलता है कि लग्जमबर्ग में 87 प्रतिशत, स्पेन में 65 प्रतिशत, फ्रांस में 55 प्रतिशत, रूस में 51 प्रतिशत और अमेरिका में 46 प्रतिशत शादियां टूट जाती हैं। तीसरी श्रेणी में पूर्व ब्रितानी वित्तमंत्री ऋषि सुनक जैसे भारतवंशी आते हैं, जो विदेशों में शीर्ष पद पर पहुंचने या दूसरी–तीसरी पीढ़ी होने के बाद भी न केवल अपनी पहचान पर स्पष्ट रहते हैं, साथ ही उस पर मुखर रूप से गर्व भी करते हैं।

दिसंबर, 2020 में जब हाउस ऑफ कॉमंस (संसद) के नए सदस्य बतौर सांसद शपथ ले रहे थे, तब ऋषि और एक अन्य भारतीय मूल के आलोक शर्मा ने ईसाइयों के पवित्र ग्रंथ बाइबिल के बजाय पवित्र वैदिक ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता को हाथ में रखकर शपथ ली थी। एक साक्षात्कार में जब उनसे इस पर सवाल पूछा गया, तो ऋषि ने कहा था, श्मैं जनगणना के समय सदैव ब्रिटिश–भारतीय श्रेणी पर निशान लगाता हूं। मैं पूरी तरह से ब्रिटिश हूं, यह मेरा घर और मेरा देश है। किंतु मेरी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत भारतीय है।

मेरी पत्नी अक्षता (इंफोसिस के सह–संस्थापक नारायणमूर्ति की सुपुत्री) भी भारतीय हैं। मैं अपनी हिंदू पहचान पर मुखर हूं। मैं ब्रिटेन में रहते हुए भी गोमांस का सेवन नहीं करता हूं, जो मेरे लिए कभी समस्या भी नहीं बना।श अपनी हिंदू पहचान पर गर्व करने वाले ऋषि सुनक की विकास यात्रा को वैदिक संस्कृति से मार्गदर्शन मिलना स्वाभाविक है। 1960 के दशक में ब्रिटेन जाने से पहले सुनक का परिवार पूर्वी अफ्रीका में बसा हुआ था। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत से दूर रहने के बाद भी सुनक का परिवार अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा रहा।

इस पृष्ठभूमि में भारत की स्थिति विडंबना से भरी हुई है। यहां मैकॉले–मार्क्स मानसपुत्रों के कुटिल षड्यंत्रों (नैरेटिव सहित) ने भारतीय समाज के एक वर्ग को न केवल अपनी मूल जड़ों से दूर कर दिया है, अपितु उन्हें अपनी मूल संस्कृति के प्रति घृणा के भाव से भी भर दिया है। क्या यह सत्य नहीं कि इस संबंध में भारतीय समाज के उसी वर्ग को विदेशों में बसे भारतीय प्रवासियों से सीखने की आवश्यकता है? बहुलतावादी–समावेशी भारतीय सनातन संस्कृति का विस्तार कभी तलवार के बल पर नहीं हुआ है।

भारतीय उपमहाद्वीप पर संकीर्ण एकेश्वरवादी चिंतन के आगमन (आठवीं शताब्दी) से पहले तक, वैदिक संस्कृति का फैलाव अफगानिस्तान से लेकर सुदूर पश्चिमी एशिया तक था। कोई आश्चर्य नहीं कि आज भारत के साथ उसकी मूल संस्कृति के वाहकों का परचम समस्त विश्व के अलग–अलग कोने में भव्यता के साथ लहरा रहा है। ब्रिटेन में भारतवंशी ऋषि सुनक का उभार–इसका एक अन्य बड़ा मूर्त रूप है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के सर्किल रेट का विरोध करते हुए आपत्ति पत्र किया दाखिल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी के सर्किल रेट का विरोध करते हुए आपत्ति दाखिल की है।संयोजक कलेक्ट्रेट अधिवक्ता चंद्रभान तिवारी की अगुवाई में दर्जनों अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज करवाते हुए जनहित में आपत्ति पत्र दाखिल किया है।इस आपत्ति पर सुनवाई के लिए आगामी 30 जुलाई की तारीख नियत हुई है।इसकी सुनाई जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभाकक्ष में होगी।अधिवक्ताओं के आरोपों के मुताबिक नई लागू होने वाली 1 अगस्त से सर्किल रेट वो जनता हित मे नही है।आमजनमानस की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने जैसा काम करने के बराबर होगा।जिस तरह प्रस्तवित सूची में स्टाम्प का सर्किल रेट रखा गया है वो जनता हित मे नही है।अधिवक्ताओ के प्रतिनिधि मंडल ने निम्न बिन्दुओ को उठाते हुए अपना आरोप पत्र दाखिल किया है 'कृषक भूमि की दर प्रति हेक्टेयर के अलावा 0.050 तक 0.050 हेक्टेयर से 0.100 हेक्टेयर तक 0.100 के ऊपर 3 दिन दरो की भिन्न भिन्न क्षेत्रफल की भिन्न भिन्न दरे एक ही गाटे में करने को अवैधानिक बताया है' तो वही 0.050 तक तहसील सदर में 78 गाँव कादीपुर में 77 गाँव जयसिंहपुर में 92 गाँव लंभुआ के 90 गांवों को विकासशील व विकसित गाँव के नाम पर कृषि भूमि को आबादी या सड़क से सटी अकृश्कििय भूमि को आवासीय भूमि घोषित पर अवैधानिक बताया गया है।12 फिट चौड़े मार्ग को लिंक मार्ग घोषित करने को अवैधनिक बताते हुए रोड डायरेक्टरी के अनुसार करने की मांग उठाई है।साथ ही साथ चकबन्दी में सेक्टर मार्ग की चौड़ाई 12 फिट करने चकबन्दी की सारी भूमि सड़क मनाने पर भी विरोध जताते हुए शहर की समस्त गली मोहल्ला के रास्ते को वाणिज्य भूमि घोषित करने पर के साथ साथ अन्य समस्याओं को लेकर अधिवक्ता के प्रतिनिधि मंडल ने आरोप पत्र दाखिल किया है।

## उच्चाधिकारियों को गुमराह कर कई वर्षों से एक ही ब्लॉक पर जमे हुए हैं ग्राम पंचायत अधिकारी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जहां एक और योगी सरकार ट्रांसफर नीति पर सख्त है! तो वहीं उन्हीं की पार्टी के नेता ट्रांसफर नीति के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं ऐसा ही एक मामला सुल्तानपुर जनपद मैं तैनात ग्राम पंचायत अधिकारियों से जुड़ा हुआ है जहां लंबे समय से उच्चाधिकारियों को गुमराह कर ग्राम पंचायत अधिकारी तस से मस होने का नाम नहीं ले रहे हैं। लिस्ट बहुत लंबी है आईये जानते हैं किन–किन ब्लॉक पर कौन–कौन से ग्राम पंचायत अधिकारियों की है लंबे समय से पोस्टिंग'श्रद्धा त्रिपाठी, मनोज कुमार पांडे , करिश्मा गुप्ता, दुबेपुर ब्लॉक में तैनात हैं! जयसिंहपुर विकासखंड में राजधर पांडे, सौरभ वर्मा , युवराज वर्मा , बृजेश अधिक समय से इनकी तैनाती है। लंभुआ विकासखंड अरविंद यादव ,शत्रुघ्न पांडे , कुंवर विक्रम सिंह की लंबे समय से तैनाती है ! कुड़वार विकासखंड के इमरान अंसारी, नरेंद्र कुमार, प्रेम लाल यादव भी कई वर्षों से तैनात हैं। मोतिगरपुर विकासखंड में अतुल सिंह, रुचि दूबे , दोस्तपुर विकासखंड में विजय वर्मा , रविंद्र प्रताप मिश्र ,राधेश्याम , वेद प्रकाश तथा भदैया विकासखंड में शारदा दुबे, निलेश सिंह, नवनीत शर्मा , दिनेश सिंह की लंबे समय से तैनाती है ! करौंदी कला विकासखंड रामप्रवेश शाही, अमरेंद्र गौतम व कूरेभार विकासखंड में भोलानाथ तिवारी की भी लंबे समय से तैनाती है। बल्दीराय विकासखंड रंजीत कुमार , विकास खंड अखंड नगर ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार, उमेश गौड़ ! धनपतगंज विकासखंड पर राधेश्याम कुशवाहा , विकासखंड पी पी कमायचा पंकज कुमार , कादीपुर विकासखंड नवनीत कुमार, राजबहादुर समय से तैनाती सवालों के घेरे में है। सवाल क्या जिला पंचायत राज अधिकारी आर के भारती की इन कर्मचारियों पर नही पड़ी इनकी नजर,कही पंचायती राज अधिकारी कार्यालय से तो नही हो रहा है बड़ा खेल' ये बड़ा सवाल है। वैसे सूबे की सरकार इसके पक्ष में नहीं है लेकिन मलाई काटने के लिए एक जगह पर अंगद की तरह पैर जमाये और सेटिंगबाज ग्राम पंचायत अधिकारी उच्चाधिकारियों की मेहरबानी से मलाई छोड़ने को तैयार ही नही है।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डी के ठाकुर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्यलखनऊ, राघवेन्द्र मिश्र, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं पवन गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित कृष्णानगर पुलिस टीम के द्वारा गांजा तस्करी करने वाले दो नफर अभियुक्त 01. गगन वाजपेई पुत्र राजेन्द्र वाजपेई नि भोलाखेड़ा निकट राधेश्याम परच्यून की दुकान थाना– कृष्णानगर लखनऊ उम्र करीव – 19 वर्ष () 2. अनुज कुमार केशरी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद केशरी नि) ग्राम देवघाट कोरांव थाना कोराव जनपद प्रयागराज हाल पता –लेवर मण्डी वाराविरवा चौराहा उम्र करीब 18 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 26.07.2022 को समय करीब 17.40 बजे कनौसी पुलिया के पास से क्रमशः 260 व 262 कुल 522 ग्राम नाजायज गांजा सहित गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। माल बरामदगी




के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 379 / 2022 व 380 / 2022 धारा 8 / 20 एनडीपीएस एक्ट व पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अतिरिक्त निरीक्षक जय नरायण दोहरे ,अतिरिक्त निरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह , हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार , कांस्टेबल प्रदीप कुमार थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता के अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गैंगस्टर के वादों में गवाहो एवं पुलिस के बयान के सम्बंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखने के निर्देश दिया। उन्होंने थानों में पड़े माल की सूचना कोर्ट को समय से न देने पर नाराजगी व्यक्त की। ऐसे मामलों में जिनमे कोर्ट में सुलह हो जाते है, उन सभी मामलों में अपील किये जाने हेतु डीजीसी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि महिला एवं पास्को के मामलों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक सजा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि पास्को एक्ट के संदर्भ में अपराधियों के विरुद्ध सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि पुलिस के द्वारा समय से गवाहों व अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नही किया जा रहा है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान में ई–प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंग, सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों



में गवाहों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, क्षेत्राधिकारी सदर, शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य में तोड़े गये दुकान एवं मकानों के पात्रों को अतिशीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी कृष्ण करूणेश ने व्यापारियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का क्रियान्वयन कर अनुपालन आख्या समयबद्ध ढंग से उपलब्ध करायी जाये अन्यथा सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। व्यापारियों को नियमानुसार सेवाएं प्रदत्त करायी जाये जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि व्यापार बंधु की बैठक के लिए स्थायी अधिकारी नामित किये जाये जो स्थायी रूप से बैठक में प्रतिभाग करेंगे और समस्या के निराकरण के लिए उत्तरदायी



होंगे। अधिकारीगण व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की कार्यवाही 15 दिन के अन्दर हर हाल में कर दी जाये। मामले किसी भी स्थिति में लम्बित न रहे।

## मेडिकल क्षति पूर्ति भुगतान करेगे सीडीओ–आयुक्त ग्राम विकास

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : ग्राम विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश जीएस प्रियदर्शी वीडियो कांफ्रेंसिंग कर ग्राम विकास के योजनाओं की समीक्षा किया ग्राम विकास आयुक्त ने कहा कि मेडिकल क्षति पूर्ति भुगतान लेने के लिये अब शासन का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा मुख्य विकास अधिकारी अपने स्तर से मेडिकल क्षति पूर्ति भुगतान पात्र को कर सकेंगे जिससे कर्मचारियों को भागदौड़ करने से निजात मिलेगा और समय रहते ही मेडिकल संबंधित भुगतान हो सकेगा ग्राम विकास आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मनरेगा मानव दिवस सृजन महिला मेंट नियोजित जॉब कार्ड धारकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने कन्वर्जर अमृत सरोवर की प्रगति स्कूल बाउंड्री निर्माण ग्रामीण स्टेडियम निर्माण मनरेगा योजना अंतर्गत अधूरी कार्य सोशल ऑडिट जन शिकायतों का निस्तारण एरिया इंस्पेक्शन एन एम एम एस एस की प्रगति कैटेल शेड निर्माण नदियों का जीणोद्धार व्यक्तिगत लाभार्थीपरक के कार्यों की प्रगति हर घर झंडा कार्यक्रम कोर्ट केस शपथ पत्र दाखिल किए जाने की समीक्षा




करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारीगण अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य करें जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्तियों के पास पहुंच सके सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराने में अपना अहम योगदान देकर सहयोग करने का कार्य करें जिससे समय बद्ध तरीके से योजनाएं पूर्ण हो सके हैं और उसका लाभ सभी को समय रहते मिल सके वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख रूप सिंह सीडीओ संजय कुमार मीना डीडी अनिल सिंह जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## रेलवे बस स्टैंड की लंबे समय बाद की गई सफाई

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर के रेलवे बस स्टैंड पर गंदगी देख क्षेत्रीय प्रबंधक भड़क गए जिसको लेकर नगर निगम के नगर आयुक्त से मिलकर अपनी बात रखी नगर आयुक्त ने तत्काल एक जेसीबी एक पोकलेन मशीन उपलब्ध कराया इस दौरान विशेष सफाई अभियान के तहत गुरुवार को बस स्टैंड पर सफाई की।नगर निगम से मिले जेसीबी और पोकलेन मशीन से तीन घंटे तक बस स्टैंड, पार्किंग, रोडवेज वर्कशाप व आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह साफ कर चकाचक कर दिया।इस दौरान बस स्टैंड, रोडवेज वर्कशाप,इनके आसपास उगी झाड़ियों घास को काट कर साफ किया गया। सफाई अभियान के दौरान कर्मचारियों ने यात्रियों आसपास के लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।इस दौरान एआरएम महेश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि नगर पालिका अमले ने सफाई कार्य किया।वहीं पोकलेन



मशीन से लंबे समय बाद हुई सफाई कार्य में बड़ी मात्रा में मलबा निकला। इन अंडर ग्राउंड की सफाई करने के लिए पोकलेन मशीन को लगाया गया था। जिससे।नालो की सफाई कार्य किया गया। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों द्वारा अंडर ग्राउंड ड्रेनेजों से बड़ी मात्रा में मलबा निकाला गया।

## सूचना व संस्कृति विभाग के तत्वधान में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, संस्कृति अनुभाग लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत जनपद स्तर पर ''सांस्कृतिक प्रतिभा खोज'' का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सामुदायिक भवन में जिला सूचना अधिकारी के देख–रेख में किया गया है, कार्यक्रम के अंतिम दिन जनपद के लगभग 10 मण्डलीध्दलों द्वारा विभिन्न विधाओं पर प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एध्बीध्सी श्रेणी निर्णायक मण्डल द्वारा दिया गया। जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन के निर्णायक मण्डल सांस्कृतिक प्रतिभा खोज, सदस्य – सुबाब विशोई जी संगीत विभागाध्यक्ष, टी0डी0 डिग्री कालेज, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, अध्यापिका, उ0प्रा0 विद्यालय, खेतासराय, कला (प्रभाकर), नेरन्द्र पाठक टी0डी0 कालेज संगीत विभाग की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित कलाकारों में लोकगीत व भजन में अवनीश तिवारी, गुलाब राही, सपला शर्मा, संगीता बिंन्द व गुरैनी जूनियर हाईस्कूल शाहगंज के बच्चे वन्दना, गरिमा, हेमा, अर्चिता, नेहा, छाया, अनुष्का, अन्जलि, रेशमा, अशिंका, सुधा, नीलम, अन्जलि, श्रद्धा, खुशी महक, खूशबू, श्याम प्रिया, पलक सोनम, सलोनी के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी गयी।



अन्त में जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी उपस्थित कलाकरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कलाकारो द्वारा अपना बेहतर प्रस्तुति की गयी है। उन्होंने निर्णायक मण्डल के सभी सदस्यों, उपस्थित कलाकारों एवं मीडिया बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए हदृय से आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जिला सूचना कार्यालय के अवनीश यादव, सुमित सिंह, अतुल शुक्ला, शशिकान्त यादव, पवन कुमार का सहयोग रहा।

## कैम्पस सलेक्शन ''रोजगार मेले'' में 51 का चयन

जौनपुर सू.वि. : निजी नियोजकों के सहयोग से 28 जुलाई 2022 को 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, मेले में निजी क्षेत्र की 05 कम्पनियॉ शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 225 रहीं, इन कम्पनियों के द्वारा कुल 51 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए, भविष्य में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को बताया गया कि रोजगार मेले का आयोजन किया जाता रहेंगा। जिला सेवायोजन अधिकारी के अतिरिक्त रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, रामसिंह मौर्य, जीतलाल मौर्य, श्रीमती हसन फात्मा, जीशान अली, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, श्यामनारायण, चन्द्रशेखर प्रताप आदि उपस्थित रहें।

## सिराज मेंहदी को शरद पवार ने दी बड़ी जिम्मेदारी : माइनॉरिटी सेल का बनाया राष्ट्रीय चेयरमैन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार नें अपने दिल्ली आवास 6 जनपथ पर वरिष्ठ नेता सिराज मेंहदी को एनसीपी माइनॉरिटी सेल का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया । पार्टी का मानना है कि श्री मेंहदी का राजनीति में लंबा तजुर्बा है जिसका फायदा अब पार्टी को मिलेगा, ऐसे वक्त में जब केंद्र और कई राज्यों की सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव कर रही है । हमें अल्पसंख्यकों के हित में काम करना है और उनके साथ मजबूती से खड़े रहना है । एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार नें ये नियुक्ति के दौरान सुझाव दिया कि नफरत के खिलाफ लड़ाई को और तेज करना है । सिराज मेंहदी ने कहा कि हम पर भरोसा जताने के लिए पवार साहब का आभार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मुझे राष्ट्रीय राजनीति में जोड़ा है जिसके लिए पवार साहब का धन्यवाद , मैं अपने समाज के लिए, कौम के लिये और मेहनत से काम करूंगा, साथ ही पार्टी



के लिये निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार करूंगा । उन्होंने कहाकि आज देश के 80 , 20 में बांटने की, समाज में जहर फैलाने की कोशिश हो रही है, जबकि हमारा देश फूलों का गुलदस्ता है, सबको बराबर का अधिकार है । इस गुलदस्ते को संभाल कर रखना हमारी जिम्मेदारी है । इस अहम अवसर पर राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा, राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिया दूहन समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## आरोपी को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर 06 वर्ष सश्रम कारावास व जुर्माने से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वादी मुकदमा दिनेश कुमार सरोज पुत्र हरीनाथ सरोज नि0ग्रा0 ताजुद्दीनपुर, थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर की लिखित तहरीर पर अभियुक्त मुकेश सरोज (उम्र 24 वर्ष) पुत्र भुलईराम सरोज नि0ग्रा0 ताजुद्दीनपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर द्वारा कारित अपराध के सम्बन्ध में थाना मड़ियाहूँ में मु0अ0सं0 104/2020 धारा 354क,506 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा महिलाओंध्बालकों के विरूद्ध हो रहे अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु निर्देशित किया गया। श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल नेतृत्व में उपर्युक्त अभियोग को मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए गवाहों का तत्परता से परीक्षण पूर्ण कराने के परिणामस्वरुप दिनांक 28.07. 2022 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट(अनन्य) जौनपुर द्वारा आरोपी मुकेश सरोज उपर्युक्त को धारा 354क भा0द0वि0 में 01 वर्ष के सश्रम कारावास व मु0—1000/— रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भोगेगा। अभियुक्त को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 506 में 02 वर्ष के सश्रम कारावास व मु0—2,000/— रूपए के जुर्माने से दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त को पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं मु0—3,000/— रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, अभियुक्त द्वारा जुर्माना न अदा करने पर तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ—साथ चलेंगी। अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बितायी गई अवधि इस सजा की अवधि में समायोजित की जायेगी।

### थाना खेतासराय पुलिस नें गोवध में चल रहे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 श्री संजय कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर श्री अंकित कुमार के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान गोवध में चल रहे वांछित अभियुक्त हलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को आज दिनांक 28ध07ध 2022 को समय 09रू10 बजे सुबह गोरारी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । आपराधिक इतिहास— 1.मु0अ0सं0 109/2022 धारा 3/ 5/ 8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 58/2022 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 66/2022 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 420,467,468,471,120ठ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 151/2020 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध




निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 1528/2017 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 307,419,420,427,467,468, 471भा0द0वि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 6. मु0 अ0 सं0 117 / 2016 धारा 147 148 307 308 323 336 504 506 भा0द0वि0 व 7बसं बज थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 7. मु0अ0सं0 531 / 2017 धारा 147 148 149 307 323 352 504 506 भा0द0वि0 व 7cla act थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 8.मु0अ0सं0 37/2021 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य— 1. यजुवेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 हरिशंकर यादव थाना खेतासराय जौनपुर। 3.का0 दिनेश कुमार यादव थाना खेतासराय जौनपुर। 4.का0 दिनेश कुमार सरोज थाना खेतासराय जौनपुर। 5..का0 अमरनाथ यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

## अनियमित स्थानांतरण के विरोध में तीसरे दिन भी हुआ कार्य बहिष्कार : सिविल अस्पताल में हुई गेट मीटिंग

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : लखनऊ के सिविल चिकित्सालय में सभी प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ हुई एक गेट मीटिंग में के माध्यम से नीति विरुद्ध स्थानांतरण को निरस्त करने के लिए जोरदार प्रदर्शन के साथ ही आज तीसरे दिन भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के आवाहन पर स्वास्थ्यकर्मियों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया । जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी संवर्गों के कर्मी शामिल हुए । कार्य बहिष्कार प्रदेश के सभी चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफल हुआ, साथ ही फील्ड में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने भी प्रातः 2 घंटे कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया । ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा स्थानांतरण नीति के विरुद्ध अनेक मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी विकलांग और विकलांग आश्रित दांपत्य नीति से आच्छादित 2 वर्ष से कम सेवा अवधि वाले कार्मिकों का भी स्थानांतरण कर दिया है जिसके विरोध में जगह जगह अलग—अलग चिकित्सालय में कर्मचारी एकत्रित होकर नीति विरुद्ध स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और प्रदर्शन किया । लखनऊ जनपद में बलरामपुर चिकित्सालय में सुभाष श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया, वही सिविल चिकित्सालय में



प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई । रानी लक्ष्मी बाई चिकित्सालय में जी एम सिंह के नेतृत्व में कार्यबहिष्कर किया । सी एच सी सरोजनीनगर में सतीश जी के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन हुआ इसी तरह सभी चिकित्सालयों में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । लोहिया चिकित्सालय में डी डी त्रिपाठी सहित विभिन्न चिकित्सालयों में अनेक पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का नेतृत्व किया । परिषद के प्रांतीय महामंत्री अतुल मिश्रा अध्यक्ष सुरेश रावत ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि तत्काल स्थानांतरण निरस्त किए जाए अन्यथा की स्थिति में कार्य बहिष्कार सांकेतिक रूप से दो घंटे के रूप में 30 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा । तदोपरांत बड़े आंदोलन का भी निर्णय लिया जा सकता है ।

## एसडीएम और माप कर्मचारियों ने पेट्रोल पंप का किया औचक निरीक्षण

महराजगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के लमहन में सुजानगंज – बदलापुर मार्ग पर स्थित धनदेई फिलिंग स्टेशन का बदलापुर उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार, भारत पेट्रोलियम कर्मचारियों के साथ औचक निरीक्षण किया । जिसमें बाट माप और साफ—सफाई की गहन तलाशी की गई और कोई कमी ना मिलने पर पंप संचालक अभिषेक तिवारी की सराहना की । इस संबंध में उप जिलाअधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर पेट्रोल



पंप का निरीक्षण किया गया जिसमें कोई खामी नहीं मिली । मौके पर डीएसओ और बीपीसीएल कर्मचारी मौजूद रहे ।

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के आन्दोलन को दिया पूरा समर्थन

वाराणसी डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा से मुख्यमंत्री जी से मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में नियम विरुद्ध किये गये कर्मचारियों के स्थानान्तरण को तत्काल निरस्त कर सामान्य स्थिति बनायें। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी0पी0 मिश्र एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि मुख्यसचिव समिति की रिपार्ट पर तत्काल निर्णय करके स्थानान्तरण को निरस्त



कराये नही तो प्रदेश के सभी कर्मचारी एवं शिक्षक भी आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी करने को बाह्य होगें। जिसमें नगर निगम, नगर पंचायत, रोडवेज, विकास प्राधिकरण, राजकीय निगम, राजकीय शिक्षक, वन विभाग फेडरेशन भी प्रभावित हो जायेगे। द्वय नेतआों ने खेद व्यक्त किया है कि 02 घण्टे कार्य बहिष्कार से मरीज परेशान है जब पूर्ण बहिष्कार हो जायेगा। तो गरीब मरीज कहाँ इलाज करायेंगे, परन्तु प्रदेश सरकार से जुड़े प्रमुख सचिव व महानिदेशक स्वास्थ्य द्वारा सार्थक आदेश निरस्तीकरण के सार्थक आदेश जारी नहीं हो रहे है। मात्र उत्तरदायी अधिकारियों को दण्डित किऐ जाने से समस्या हल नहीं होगी। श्री वी0पी0 मिश्र ने बताया कि उन्होंने मा0 उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी से बातचीत की थी उन्होंने महानिदेशक महोदया से कहा था कि परिषद के पदाधिकारियों से बातचीत करके दो दिन में निर्णण करके बतायें। परन्तु महानिदेशक द्वारा अभी तक बात नहीं की गई है, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य कर्मचारी संगठनों से बात ही नहीं करते जबकि मुख्य सचिव के आदेश है कि प्रत्येक माह बैठक करें। श्री मिश्र ने बताया कि यह उन कर्मचारियों के मामले है जिन्होंने कोविड—19 में अपनी जान पर खेल कर लोगों के जीवन की रक्षा की थी, उन्हें मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रशंसा करके सम्मानित भी किया गया था मृत कर्मचारियों के परिवार को 50 लाख की धनराशि भी दी गई थी। कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी व उपमुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि अनियमित स्थानान्तरण को निरस्त करा दें जिससे अस्पतालों में सामान्य स्थिति लाई जा सके।

## कमरे के कब्जेदारी को लेकर रूदौली के सचिवों में घमासान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ब्लाक में तैनात कर्मचारियों मे गत दिनों दो लोगो की पदोन्नति हुई तथा आधा दर्जन लोगों का स्थानांतरण गैर जनपद व गैर ब्लॉक में क्या हो गया जिसके बाद ब्लॉक में तैनात पंचायत व विकास सचिवों के द्वारा कमरे को लेकर धमाचौकड़ी मची हुई है।एक कमरे को पाने के लिए अलग—अलग पंचायत सचिवों ने तीन ताले बंद कर रखे हैं सभी लोग अपना अपना आधिपत्य जता रहे हैं जबकि पूर्व में वह कमरा ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र सिंह के नाम एलाट था जो अग्रिम 1 अगस्त 22 तक वैध है लेकिन उससे पहले ही शासन के द्वारा महेंद्र सिंह की पदोन्नति एडीओ आईएसबी के पद पर कर दिया गया उनके गांव को पंचायत सचिव उमेश को सौंप दिया गया जिसके बाद महेंद्र सिंह के कमरे को लेकर तीन सचिव द्वारा दावेदारी ठोकी जा रही है।मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्ता से संपर्क करना चाहा लेकिन मोबाइल बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

## समाजवादी नीतियों को जनता तक पहुँचाने में लगे सपा नेता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी रहे फिरोज खान गब्बर विधानसभा का क्षेत्र भ्रमण करके क्षेत्रीय लोगों से मिलने जुलने बैठक करके समाजवादी नीतियों से समाज को आगे बढ़ाकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए 2024 में जनता को आगे आने का आवाहन किया है। क्षेत्र के खजुराहट चौराहे पर लोगों के बीच बैठक करके देश और प्रदेश के सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी को झेल रही जनता को खाने पीने की चीजों में भी टैक्स लगाकर भूखे और नंगा रहने के लिए सरकार मजबूर कर रही है अब सामान्य जनता के बस में पेट भर भोजन करना भी मुश्किल होता नजर आ रहा है, सरकार की नीतियों के चलते गांव को जाने वालें किसी भी मार्ग पर आप जाना चाहेंगे कि एक – एक फीट गहरे गड्ढे से होकर गुजरना पड़ेगा मौजूदा सरकार पांच वर्ष पूर्व ही कह चुकी थी की सभी सड़के गड्ढा मुक्त होगी लेकिन आज की स्थिति को जनता देख रही है, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की देन रही कि 5 वर्ष प्रदेश की सरकार चल गई अबकी बार सरकार में आते ही महंगाई और बेरोजगारी के बोझ से गरीब जनता का बुरा हाल होता देखा जा रहा है। इसका जवाब 2024 में जनता अवश्य देगी । बैठक में मुख्य रूप से श्याम यादव, रोली यादव, गोविंद यादव, ऐजाज अहमद, रफीक, सलीम आदि लोगों ने सरकार की निंदा करते हुए अपने – अपने विचार व्यक्त किए हैं।

## बीजेपी सरकार में इतना भ्रष्टाचार है कि इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती —अखिलेश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने गुरुवार को जौनपुर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम ही है बांटो और राज करो ।इसके लिए वह ईडी का सहारा तो कभी किसी जांच एजेंसी का सहारा लेते हैं। यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। देश मे बीजेपी की सरकार नही बल्कि ईडी का शासन चल रहा है।जहां इनके खुद के मंत्री इन के ऊपर आरोप लगा रहे हैं ।पहले विपक्ष आरोप लगाता था अब आज उनके मंत्री उनके ऊपर आरोप लगा रहे हैं। जीएसटी पर भी उन्होंने कहा कि आज दूध दही घी मक्खन पर जीएसटी लगा दिया है। आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिसने इस तरीके से जीएसटी लगाया है उन्होंने भगवान भोलेनाथ पर दूध चढ़ाने को लेकर भी कहा कि शायद यह दूध वह हो जिससे जीएसटी टैक्स लगा हो हमारे भोले भाले भोलेनाथ की पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को भी नहीं बक्शा सरकार ने बीजेपी सरकार में इतना भ्रष्टाचार है कि इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार को ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए भी एसआईटी टीम गठित करनी पड़ी क्योंकि इनके मंत्रियों अधिकारी खुद ही ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा लेकर काम कर रहे हैं। डिप्टी सीएम तक ने चिट्ठी लिखी थी अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं और ट्रांसफर गलत हो गए हैं। जो ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा ले ले वह विभाग का काम कैसे करेगा सोचिए विभाग में कितना भ्रष्टाचार होगा। जो काम विपक्ष को करना चाहिए वह इनके मंत्री खुल कर रहे हैं और इनके ऊपर ही आरोप लगा रहे हैं। अग्निवीर जैसी योजना ला करके अग्नीपथ का कार्यक्रम बनाकर और यह बीजेपी के लोग वही हैं जो यह थकते नहीं है कि भारत माता की जय हो नौकरी भी आधी अधुरी दे रहे हैं जो नौजवान सीमा पर नौकरी करने का जज्बा लिए है उसे आप आधी अधूरी नौकरी दे रहे हैं। 22 करोड़ लोगों ने फार्म भरा और मात्र 7 लाख लोगों को नौकरी मिलेगी इससे ज्यादा खराब और बात क्या हो सकती है इससे बड़ा और और क्या धोखा सरकार नौजवानों को दे सकती है। सरकार कुछ लोगों के साथ ऐसा खड़ी है जैसे कि आप कल्पना नहीं ने कर सकते दुनिया के चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं इंडिया के उद्योगपति और हमारा गरीब किसान आज भी उनकी तरफ देख रहा है। किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है बिजली का बिल महंगा पढ़ाई महंगी स्वास्थ्य इलाज महंगा और उद्योग पतियों को बैंक से लोन पर लोन दिया जा रहा है। यह सरकार गरीबों के साथ नहीं बल्कि उद्योगपतियों के साथ खड़ी है। 2024 की तैयारी हमारी लगातार चलती रहेगी अपने सभी फैसले जनता तक हम पहुंचाते रहेंगे ।उन्होंने जौनपुर की जनता का धन्यवाद दिया और कहा कि




पिछले चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी का साथ दिया है सरकार बनाने में समर्थन दिया हालांकि हम कुछ वोटों से पीछे रह गए हैं हम जौनपुर की अन्य विधानसभाओं की बात करें तो जहां हम बहुत कम वोटों से ही हारे हैं अगर थोड़ा सा वोट और बढ़ गया होता तो हम निश्चित जीत जाते। ओमप्रकाश राजभर के बयान पर उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की भाषा है यह जानबूझकर इस्तेमाल करते हैं हमने ओमप्रकाश राजभर से कहा कि अगर तुम भारतीय जनता पार्टी के साथ संबंध रखना चाहते हो और हम तुम्हें सम्मान नहीं दे पा रहे हैं तो जो तुम्हें सम्मान दे रहा है तुम उसके साथ चले जाओ यहां सुरक्षा नहीं मिल रही है उनको जहां सुरक्षा मिल रही वहां चले जाए। जौनपुर की सड़कों के बारे में जब सड़क बनाने वाले इंजीनियर ही पैसा ले लेंगे तो सड़के किस तरह की बनेगी यह आप समझ सकते हैं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का हवाला देते हुए कहा कि यह देश की सबसे बड़ी परियोजना थी प्रधानमंत्री उद्घाटन किया था और यह बारिश होते ही बड़े—बड़े गड्ढे बन गए और गाड़ियां पलट जा रही हैं लोग घायल हो जा रहे हैं और खुद के पैसे से इलाज करा रहे हैं सड़क जनता के पैसे से बनी है और जब एक्सीडेंट हो जाए तो अपने ही पैसे से इलाज कराएं । आगामी चुनाव में हम अकेले चुनाव लड़ेंगे जो गठबंधन में दल हमारे साथ हैं वह हमारे साथ रहेंगे अग्नीपथ में निर्दोष नौजवानों को जेल भेजा है और उनको चिन्हित करके जेल भेजा है ।गांव के यादव बच्चों को पूर्व प्रधान को प्रधान को जो यादव हैं उन्हें चिन्ह करके जेल भेजा है। भारत में नौजवान वर्दी पहनने का सपना देखना और यह सरकार उनके सपने को तोड़ रही है। यह विकसित देशों की तुलना कर रहे हैं जो तुलना करनी चाहिए उसकी तुलना नहीं कर रहे हैं। राजभर के आरोप पर उन्होंने कहा कि अब जमाना डीसी का आ गया है। राजभर की भाषा बीजेपी की भाषा है अब झाड़—फूंक से ही उसके अंदर से निकल पाएगी बीजेपी जो बुलवा आएगी वह राजभर बोलेंगे जब वह हमारे साथ था तो देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बारे में क्या बोलता था वह मैं यहां नहीं रह सकता हूं जनता बदलाव चाहती है। जनता बेरोजगारी महंगाई देख रही है पिछड़े दलितों आदिवासियों के साथ कितना अन्याय हो रहा है यह आप देख रहे हैं उनके साथ कितना अन्याय हो रहा है बीजेपी धोखा देने के लिए लोगों का नाम आगे कर रही है। अपनी हार पर उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक चक्र है हार जीत चलती रहती है एक समय था जब डिप्टी सीएम भी अपनी सीट से हारे थे ।इस अवसर पर पवन पाडेय पूर्व मंत्री,विधायक तुफानी सरोज,लकी यादव, पंकज पटेल, रागनी सोनकर, जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, आदि लोग मौजूद रहे।

## जीवन रक्षक है ओआरएस घोल – डा. लक्ष्मी सिंह,सीएमओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा जौनपुर द्वारा नगर के लाइन बाजार स्थित एसएस हॉस्पिटल में ओ आर एस सप्ताह जिसमें 25 से 31 जुलाई के अंतर्गत महिलाओं को ओआरएस घोल के महत्व एवं शिशुओं के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया साथ ही साथ शिविर में आए हुए लोगों को एसएस हॉस्पिटल के द्वारा ओ आर एस एवं जिंक के पैकेट वितरित किए गए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डा.ध्लक्ष्मी सिंह ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि ओरआरएस का घोल जीवन रक्षक है, इसके इस्तेमाल से बच्चों को डिहाईड्रेशन सहित अन्य जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है , स्वस्थ बच्चे ही देश व समाज के निर्माण में अपना योगदान कर सकते हैं , इसलिए माताओं को शिशुओं के स्वास्थ के प्रति सजग रहने की विशेष जरुरत है । विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जफराबाद डा.ध्हरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार आमजन के स्वास्थ के प्रति बेहद सतर्क और गम्भीर है इसीलिए सरकार ने हर घर शौचालय बनवाने के साथ ही सभी के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का कार्य कर रही है , क्योंकि खुले में शौच व शुद्ध पेयजल की कमी से तमाम रोग जन्म लेते हैं । डा. एन के सिंह ने



ओओरएस घोल को शिशुओं के लिए रामबाण औषधि बताया, कार्यक्रम के संयोजक डा. तेज सिंह ने ओआरएस घोल को बनाने व उसके समुचित उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. मनोज वत्स के द्वारा किया गया तथा अंत में रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डा संदीप पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रभात कुमार, शशिकांत सिंह , विद्याधर राय शविद्यार्थी , एस एन सिंह संतोष सिंह पिंटू , नवनीत राय, राम प्रकाश, राकेश यादव, अमित यादव सहित भारी संख्या में महिलाएं व अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## कार्यकर्ताओं ने किया विधायक का जोरदार स्वागत : विधायक के प्रयास से रुदौली को मिली दो बड़ी सौगात

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधायक राम चन्द्र यादव के अथक प्रयास से रुदौली विधानसभा में दो बड़ी सौगातें मिली।रुदौली नगर पालिका के सीमा विस्तार व कामाख्या धाम को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है।वही विधायक के लखनऊ से रुदौली आगमन पर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले की सीमा रानीमऊ चौराहा पर भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में रूदौली नगर में हनुमान किला पर व कामाख्या धाम में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।रुदौली विधानसभा की जनता सहित कार्यकर्ताओं ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल शर्मा,जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी,जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू,बाबाबाजार मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा,अजय शुक्ला,कारिया शुक्ला,पंकज यादव,विजेंदर शर्मा,राम प्रेस यादव,राजेश शर्मा,सुनील मिश्रा,धर्मेंद्र वर्मा,डॉ कुलदीप यादव,जेपी यादव,सुरेंद्र यादव,गिरधारी बीडीसी,आफताब अहमद,भानु यादव,तारिक खान, मोहम्मद खान,संजय यादव,रमेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के आवाह्न पर कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जवानों द्वारा किया गया रक्तदान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक 34 वाहिनी पीएसी वाराणसी के आह्वान पर उपस्थित कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल वाराणसी में बड़ी संख्या में वाहिनी के जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। इस मौके पर कंपनी कमांडेंट डॉक्टर मिश्र द्वारा जवानों को संबोधित करते हुए कहा गया कि गया कि देश के लिए लहू को कुर्बान करना जवानों द्वारा हमेशा से किया जाता रहा है तथा आज कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर वृहद स्तर पर जवानों द्वारा जो रक्तदान किया गया है।यह हमारे जवानों का देश के प्रति न्योछावर के भाव को प्रदर्शित करता है।यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि हम अपने देश के उत्थान एवं विकास के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाए। इसके बाद जवानों को शुभकामनाएं देते हुए डॉ मिश्र ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर रक्तदान करने वाले जवानों में विजय नारायण यादव, मनोरंजन प्रसाद राव, मो0 नौशाद अहमद, सुधीर यादव, शिवानंद सिंह यादव, सोनू



वर्मा, आशीष गुप्ता, मनोज यादव, भगवान वर्मा, भोला नाथ यादव, अनिल यादव व अनिल कुशवाहा ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।इस अवसर पर पंडित दीनदयाल हॉस्पिटल वाराणसी के सीएमएस सहित समस्त स्टाफ व 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के सूबेदार मेजर रणजीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से कैथी महंगू का पुरवा सहित कई गांवों में कटान शुरू

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली तहसील क्षेत्र के कैथी घाट के आसपास कई गांवों में कटान शुरू हो जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।एक ओर जहां लगातार उफनाती सरयू नदी खतरे के निशान को छूने को बेताब दिखाई दे रही है तो वहीं दूसरी ओर सरयू से सटे इलाकों में बाढ़ का खौफ लोगों को सताने लगा है।हालांकि जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियों का दावा किया है लेकिन सरजू नदी के किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोग खतरा भांप चुके हैं। रविवार को सरजू नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण इसके तटवर्ती इलाकों में हलचल तेज हो गई है।वहीं प्रशासन ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है।तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा भांप कर लोगों ने ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर पलायन की तैयारी भी शुरू कर दी है।वहीं बाढ़ ग्रस्त इलाकों के लोगों का कहना है कि जब गांवों में पानी दाखिल हो जाता है तब प्रशासन राहत के इंतजाम शुरू करता है जबकिं ऐसे में पहले से ही हम लोग अपनी तैयारी कर लेते हैं।लोगों का कहना है कि हम लोग फसलों को तो बचा नहीं पाते हैं लेकिन अपने परिवार को तो हर हाल में बचाना ही होता है। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में रहने वाले ग्रामीण सरयू के रुख को देखकर काफी परेशान हैं।लोग सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर शरण लेने की तैयारी में जुटे हुए हैं।रुदौली तहसील क्षेत्र के कई गांवों के मुहाने तक पानी पहुंचने लगा है।कोपेपुर,बरई,सरांय नासिर,चक्का,अब्बुपुर, सल्लाहपुर,कैथी,महंगूपुरवा सहित तमाम गांवों के सैकड़ों किसानों की फसलें पानी मे डूबने के कगार पर है।वहीं प्रशासन का दावा है कि बाढ़ से निपटने की पूरी तैयारी है।वहीं रुदौली तहसील क्षेत्र के कैथी घाट के आसपास कई गांवों में सरयू नदी का प्रकोप शुरू हो गया है।सरजू नदी के बढ़ रहे जलस्तर से आसपास के गांवों में कटान शुरू हो गई है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।कैथी,मांझा व महंगू का पुरवा निवासी लोगों का कहना है कि सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है,जिससे जमीनों में कटान भी शुरू हो गई है लेकिन अभी तक प्रशासन चौन की नींद सो रहा है। तराई क्षेत्र के ग्रामीणों को भय है कि बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी उनकी जमीनें नदी में समा जाएंगी।ग्रामीणों का कहना है की प्रशासन इस मामले में समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो बाढ़ आने के बाद क्षेत्र में भारी तबाही मचना निश्चित है।तराई क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना कि प्रशासन की नींद तब खुलती है जब किसानों की हजारों बीघा कृषि योग्य भूमि घाघरा नदी में समा जाती है।वहीं एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव का कहना है कि अभी सरयू नदी का जलस्तर सामान्य है प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।वहीं एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जलस्तर चेतावनी बिंदु के करीब जरूर पहुंच गया है लेकिन अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है।सरयू के जलस्तर की स्थिति पर नजर रख रहे हैं जिला प्रशासन की टीम सक्रीय व पूरी तरह से मुस्तैद है। तहसील, राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीम को अलर्ट पर रखा गया है तथा तटबंधों की निगरानी के लिए भी टीम लगा दी गई है।

## अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित : आचार्य मनोज बने संयोजक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी क्रम में शासनादेश जारी कर जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद का गठन किया गया है। इस परिषद के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन काशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान लखनऊ में किया गया है। मुख्यमंत्री की अपनी दूसरी पारी में योगी आदित्यनाथ प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए नए विजन के आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया के कई देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे है। भारत भी ऐसे संकट से अछूता नहीं है। रोजगार के परंपरागत साधन असर खो रहे हैं। ऐसे में अब नए क्षेत्रों की तलाश की जा रही है जो न केवल रोजगार दे सकें, बल्कि दुनिया को आर्थिक संकट के दौर से भी निकाल सकें। ऐसा ही क्षेत्र पर्यटन है। यह क्षेत्र न केवल बड़े स्तर पर रोजगार प्रदान करता है, बल्कि श्रमशक्ति को पलायन से भी रोकता है। उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि के लिए योगी सरकार ने पर्यटन क्षेत्र पर फोकस किया है। इसके लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन कर दिया गया है। परिषद में पर्यटक अधिकारी, सहायक पर्यटक अधिकारी, पर्यटन सूचना अधिकारी नियुक्त होगे। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए परिषद में तैनात अधिकारियों को छह दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश भर के इन अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है जिसका संयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग अध्यक्ष व पैटर्न विशेषज्ञ आचार्य मनोज दीक्षित बनाया गया है। काशीराम पैटर्न पवन संस्थान के कोर्स निदेशक निलेश कुमार श्रीवास्तव व लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अनुपमा श्रीवास्तव को सह संयोजक नामित किया गया है। यह कार्यशाला सत्ताइस जुलाई से प्रारंभ होकर एक अगस्त तक चलेगी। प्रशिक्षण में प्रथम दिवस उत्तर प्रदेश में पर्यटन की संभावनाएं एवं चुनौतियां, द्वितीय दिवस पर्यटन संरचना, कार्य एवं गंतव्य प्रबंधन, तीसरे दिन पर्यटन विभाग की विभिन्न निर्माण परियोजनाएं चतुर्थ दिवस पर्यटन प्रचार प्रसार, मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग पांचवें दिन पर्यटन नीति एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण व छठे दिन वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा होगी।

# नहर में विवाहिता ने किया आत्महत्या का प्रयास : ग्रामीणों नें बचाई जान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित घासी के पुरवा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनाइट ब्रांच के दक्षिणी नहर में विवाहिता द्वारा कूदकर आत्महत्या किए जाने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि आस–पास मौजूद चरवाहों ने जाबाजी दिखाते हुए नहर में आत्महत्या करने के मकसद से कूदी विवाहिता को सकुशल बाहर निकाल लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शाम कुमारगंज थाना क्षेत्र के सरूरपुर पूरे गोसाई निवासी लवलेश गोस्वामी की पत्नी सुमन गोस्वामी घासी के पुरवा गांव के पास पहुंची। विवाहिता सुमन ने अपने मोबाइल और चप्पल नहर के बैंक पर रख दिए और झम्म से नहर के पानी में कूद गई। यह सब हुआ पाया थोड़ी दूर बकरी चरा रहे युवक देख रहे थे। हालांकि युवक फारुख जाबाजी दिखाते हुए तुरंत नहर में कूद पड़ा और पानी में डूब रही महिला सुमन गोस्वामी को डूबने से बचाते हुए बाहर निकाला। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और सब ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस सहित पीआरबी टीम को दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 0 949 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के प्रयास की पूरी छानबीन की। पीआरबी टीम के पुलिसकर्मियों ने महिला की जान बचाने वाले युवक फारुख का हौसला बढ़ाते हुए उसकी पीठ थपथपाई और उसके इस नेक कार्य की जमकर सराहना भी की। महिला सुमन का आरोप है कि उसका पति लवलेश दिल्ली शहर में रहता है तथा उसकी सास, देवर लव कुश और ससुर कुंवर बहादुर गोस्वामी उसे प्रताड़ित किया करते हैं। उसके 4 वर्ष की एक मासूम बेटी किंजल भी है। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही उसके ससुरारीजन भी मौके पर पहुंच गए। सकुशल डूबने से बचाई गई विवाहिता सुमन एवं उसके ससुरालीजनों को लेकर पुलिस टीम थाने चली गई।

## अध्यापिका से घूस मांगने पर बीएसए ने कार्यालय सहायक को किया सस्पेंड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भिटारी में तैनात एक शिक्षिका से चाइल्ड केयर लीव स्वीकृत करने के लिए छह हजार रुपये घूस मांगने वाले हैरिंग्टनगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय सहायक को बीएसए ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलम्बन की अवधि में कार्यालय सहायक को नियमित रूप से जिला कार्यालय में हाजिरी देने का निर्देश दिया गया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्राथमिक विद्यालय भिटारी में तैनात सहायक अध्यापिका दीप्ती सिंह ने हैरिंग्टनगंज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अवकाश प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर वहां के कार्यालय सहायक दीपक कुमार द्वारा शिक्षिका से छह हजार रुपये घूस की मांग की गई। शिक्षिका द्वारा इसकी शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से की गई। बीएसए द्वारा गोपनीय जांच कराई गई तो आरोप सही पाए गए। जिसके चलते बीएसए श्री राय ने अनुशासनहीनता और कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर उदासीनता बरतने के आरोप में कार्यालय सहायक को सोमवार को निलंबित कर दिया। बताते हैं कि हैरिंग्टनगंज की पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलजा मिश्रा के समय में विभाग का सीयूजी नम्बर इसी कर्मी के पास रहता था और कुचेरा बाजार के एक होटल पर बैठकर कार्यालय चलाता था। बीएसए ने मुख्यालय के खंड शिक्षा अधिकारी रामचंदर मौर्य को पूरी जांच कर 15 दिनों में आख्या देने का निर्देश दिया है।

## प्री–मैट्रिक हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर को

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत द्वारा नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर संचालित अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्व, जैन एवं पारसी) के छात्र/छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक एवं मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में आनलाइन आवेदन करने, इंस्टीट्यूट नोडल सत्यापन एवं द्वितीय लेबल सत्यापन की समय सारिणी निर्गत की गयी है। प्री–मैट्रिक हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2022, आईएन ओ लेबल सत्यापन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2022, द्वितीय स्तरीय सत्यापन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022 तथा पोस्ट–मैट्रिक एवं मेरिट–कम–मीन्स हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022, प्छव् लेबल सत्यापन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2022, द्वितीय स्तरीय सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2022 है। उन्होंने बताया कि जनपद अयोध्या के अल्पसंख्यक छात्र/छात्राएं जो सरकारी/निजी, शिक्षण संस्थाओं/ मदरसों/ पॉलीटेक्निक/ आई0टी0आई/ महाविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हो एवं पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो और आवेदक पिछली कक्षा/बोर्ड की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो आनलाइन आवेदन कर सकते है। उक्त छात्रवृत्ति से सम्बंधित विस्तृत जानकारी हेतु पोर्टल scholarship.gov.in पर अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन अयोध्या में प्रत्येक कार्यदिवस में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है। उक्त जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अयोध्या ने दी है।

# उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर @ 2047 के कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सांसद की अध्यक्षता में मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में स्थित गांधी सभागार में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय एनटीपीसी टांडा व जिला प्रशासन द्वारा आजादी के 75वें वर्ष के शुभ अवसर पर उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर / 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, चीफ जनरल मैनेजर एनटीपीसी टांडा, जिलाध्यक्ष भाजपा, महानगर अध्यक्ष भाजपा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आदि सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने मा0 प्रधानमंत्री जी व भारत सरकार द्वारा देशवासियों को निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किए गए कार्यों व वर्तमान में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जनपद अयोध्या को भव्य बनाने व उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति हेतु सरकार द्वारा विद्युत क्षेत्र में चलाई गई विभिन्न योजनाओं व उनकी प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद में उजाला योजना के अंतर्गत 381536 ऊर्जा दक्ष एलईडी का वितरण किया गया, जिससे विद्युत मांग में 20.22 मेगावाट की कमी हुई तथा रुपए 0.19 करोड़ की बचत हुई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य योजना का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रत्येक घर की रोशन किया जाना था योजना के लक्ष्य को ससमय प्राप्त करने हेतु इसको दो चरणों में बांटा गया। जनपद के अंतर्गत कुल 74.11 करोड़ रुपये की लागत से विद्युतीकरण का कार्य किया गया, जिसमें सौभाग्य योजना फेज–1 में 61.80 करोड़ से 2556 मजरों का विद्युतीकरण किया गया तथा 102487 घरों का संयोजन कर रोशन किया गया, जिसमें से 37239 बीपीएल परिवारों के संयोजन निर्गत किए गए तथा सौभाग्य योजना फेस–2 के अंतर्गत 10.27 करोड़ रुपए की लागत से 147 मजरों का विद्युतीकरण कर 13260 घरों को संयोजित कर रोशन किया गया, जिसमें 807 बीपीएल परिवारों के संयोजन निर्गत किए गए। उन्होंने बताया कि सोलर पावर पैक (सौर ऊर्जा योजना )के अंतर्गत जिन घरों को विद्युत लाइन निर्माण तथा संयोजन निर्गत किया जाना संभव नहीं था उन घरों को रोशन करने हेतु सौभाग्य योजना के अंतर्गत ही सोलर पावर पैक (सौर ऊर्जा )से रोशन किया गया। जनपद में ऐसे 470 घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशन किया गया। उन्होंने बताया कि आईपीडीएस योजना के अंतर्गत जनपद में 32.55 की लागत से 07 अदद आईपीडीएस टाउनो प्रणाली सुधार का कार्य किया गया तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत 20.15 करोड़ रुपए की लागत से विद्युतीकरण एवं निःशुल्क संयोजन निर्गत किया गया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा व शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाये चलाई गई। उन्होंने आगे बताया कि वैश्विक महत्ता के अनुरूप जनपद अयोध्या की सुदृणीकरण व भव्य बनाने हेतु वर्तमान अयोध्या नगर में भूमिगत केबिलीकरण का कार्य 179.60 रुपए की लागत से किया जा रहा है तथा जून 2023 तक अयोध्या नगर के उपरिगामी तारों के मकड़जाल को समाप्त कर भूमिगत कर दिया जाएगा तथा ए.डी.बी योजना के अंतर्गत बेयर कंडक्टर को परिवर्तित कर ए.बी. केबिल डालने का कार्य अक्टूबर 2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार व चीफ जनरल मैनेजर एनटीपीसी टांडा ने भी विद्युत संबंधी योजनाओं व भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी तथा लोगों से विद्युत ऊर्जा को अनावश्यक रूप से खर्च से बचाने की अपील की। इस अवसर पर विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं पर बनी लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गई व नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक व योजनाओं की जानकारी दी।

## शास्त्र और अग्निवीर दोनों ही है हमारे युवा– मुन्ना मिश्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ब्राह्मण महासभा भारत के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा का राम जन्म भूमि अयोध्या नगरी में ब्राह्मण समाज के लोगों ने राम नाम का दुपट्टा श्री राम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ब्राह्मण महासभा भारत के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुन्ना मिश्रा के अयोध्या आगमन पर अयोध्या नगरी में अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ शिशिर कुमार मिश्र के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने अंग वस्त्र पहनाकर कर राम जन्मभूमि मंदिर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राजनैतिक फायदा लेकर सभी ब्राह्मण समाज के लोगो के बारे में बात करने से भी कतराते हैं आखिर हम भी नागरिक ही हैं हमारे भी बच्चे बेरोजगारी और उत्पीड़न से त्रस्त हैं ।उन्होंने ब्राह्मण समाज से एकजुट होने का आह्वान किया और युवाओं से कहा कि शिक्षा को अपना सर्वश्रेष्ठ मित्र बनाएं। शास्त्र और शस्त्र दोनों में हीं निपुण होना चाहिए।उन्होंने कहा कि विनय न मानत जलधि जड़ गए 3 दिन बीत बोले राम सकोप तब भय बिन होय न प्रीत जब प्रभु राम भी 3 दिन बीत जाने पर बर्दाश्त नहीं किया तो हम तो इंसान हैं अब कब तक हम उत्पीड़न सहते रहेंगे। हम लोग मंहगे मोबाइल रखते हैं परंतु घर में एक हथियार नहीं रख पाते इसका कारण है कोई भी हमें हमारे ऊपर हावी हो जाता है हमें शास्त्र के साथ अस्त्र भी रखना आवश्यक है ब्राह्मण महासभा भारत 16 राज्य में बहुत अच्छे कार्य कर रही है।चर्चा के उपरांत डॉ शिशिर मिश्रा जी और सभी बन्धुओं को ब्राह्मण महासभा भारत की ओर से आभार और धन्यवाद देता हूं स्वागत करने वालों में शिशिर मिश्र ,सुनील तिवारी, मनीष पांडे ,शैलेंद्र सोनी, डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी ,आरके सिंह ,सोनू बघेल , उमा नाथ मिश्र सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत एवं दूसरा गंभीर रूप से हुआ घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत शारदा सहायक नहर के पटरी पर बनी पिच रोड पर ग्राम चरेरा के सामने बाइक सवारों की आमने सामने टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। चौकी प्रभारी पूरा बाजार राम अवतार राम ने बताया कि मृतक की पहचान राम संवारे पुत्र राम लवट 35 वर्ष ग्राम खुशहाल गंज रुदौलिया थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या व दूसरे बाइक सवार की जो गंभीर रूप से घायल है उसकी पहचान सुफियान पुत्र मोहम्मद सिराज निवासी भदरसा थाना पूरा कलंदर जनपद अयोध्या के रूप में हुई है उन्होंने बताया कि दोनों गंभीर रूप से घायलों को सीएचसी पूरा बाजार लाया गया जहां चिकित्सकों ने राम सवारे को मृतक घोषित कर दिया तथा सुफियान का इलाज चल रहा है दोनों के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है लोग मौके पर पहुंच गए हैं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है राम संवारे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया

## तहसील में प्राइवेट कर्मचारियों की मिलीभगत से गोपनीयता हो रही भंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील में उच्च अधिकारियों की भ्रष्ट नीति प्रमाण प्रदेश सरकार के सख्त आदेश के उपरांत भी यहां के कार्यालयों पर गैर सरकारी कर्मचारियों बेशक सरकारी फाइलों को हेराफेरी करके समस्त गोपनीयता भग कर रहे हैं सभी कारनामों को तहसील के जिम्मेदार अधिकारी जानकर अनजान बने हुए हैं मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने सख्त हिदायत दिया सरकारी कार्यालयों सरकारी वर्कर दलाल हटा दिया जाए मिल्कीपुर तहसील में सरकार का आदेश मात्र आदेश ही रह गया उप जिलाधिकारी कार्यालय पर एक न्यायालय पर एक तहसीलदार कार्यालय पर एक शिवा न्यायालययालय पर एक आर के कार्यालय पर एक दोनों के पास एक आपूर्ति कार्यालय पर एक सरकारी कर्मचारी दलाल दिनभर सरकारी कार्यों का पादन कराने का ठेका पिया जाता है इन्हीं के माध्यम से शायद अवैध धन वसूल कर साहब जी के जेब तक जाता है अभी तो सरकार का आदेश गद्दी टोकरी में अपनी किस्मत पर रो रहा है और अधिकारी जनता की जेब पर डाका माध्यम से डलवा रहे हैं कभी आए दिन अधिवक्ताओं न्यायालय का बहिष्कार कर हड़ताल किया जाता है पिस्ता है वाद कारी कुल मिलाकर मुख्यमंत्री का आदेश यहां कभी लागू होगा यह तो भविष्य के गर्भ में है।

## अभिभावकों का प्राथमिक विद्यालय से हुआ मोहभंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इनायत नगर अयोध्या प्रदेश सरकार द्वारा बुनियादी शिक्षा में अमूल्य परिवर्तन करने के बाद समस्त प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प योजना के स्कूल बचाओ सूरत में बदलाव किए प्राथमिक विद्यालयों में तैनात अध्यापकों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने के स्थान पर अपने बच्चों का भविष्य सुधारने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं जिसके चलते अभिभावकों का प्राथमिक विद्यालय से मोहभंग होता जा रहा है विदित हो की प्राथमिक विद्यालय का उच्च अधिकारियों का नियमित समय से निरीक्षण ना करना कार्यालय में बैठकर निरीक्षण करना आदि अनेकों खामियों के चलते प्राथमिक विद्यालय इच्छा रूपी मंदिर आज राजनीति का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है यदि किसी अभिभावक द्वारा अध्यापक से बात करना चाहता है तो उसे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दिया जाना आमवात शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के प्राथमिक पाठशाला अस्थाना में कक्षा चार में अध्ययन पलक कार्यों पर सहायक अध्यापिका अपूर्ण लिखकर कहा कि अपनी माता से हस्ताक्षर करवा लो परंतु उस अपूर्ण पर सुधार करने व कमी की बात पूछने पर अभिभावक से कहा कि पढ़ाने का कार्य अभिभावक का है हमारा कार्य से देखना वह ग्रह कार्य देना अधिक समस्या हो तो स्कूल से नाम कटवा लो प्राइवेट में लिखवा लो सरकार हमें वेतन देती है अभिभावक नहीं उक्त सहायक अध्यापिका बातों से साफ जाहिर है बच्चे स्कूल ना आए और हम स्कूल मैं 6 घंटे बैठ कर समय बिठाकर चलते बने अभी तो आज अभिभावक प्राथमिक विद्यालय में अपने अपने बच्चों का नाम लिखा कर भविष्य बर्बाद नहीं करना चाहता कारण यह अपने बच्चों को प्राइवेट में पढ़ा रहे हैं दूसरों के बच्चों को कैसे अच्छी शिक्षा देंगे।

## डायट में हुआ निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बच्चों में बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान की अभिवृत्ति के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ष्निपुण भारत मिशन ष का ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं के प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) अयोध्या में दिनांक 26 जुलाई 2022 को हुआ। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य लाल चंद्र द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने निपुण भारत मिशन योजना के उद्देश्य विशेषताओं एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ए०आर०पी० तथा के०आर०पी० को प्रेरित किया , जिससे निर्धारित समय तक लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। सभी प्रतिभागियों को कर्तव्य बोध कराते हुए बताया कि हमें निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसे योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध रूप से प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध होना पड़ेगा। उक्त अवसर पर जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव ने निपुण भारत मिशन के घटको हित धारकों एवं संसाधनों के समुचित समन्वय को अपनाते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति पर बल दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी मनोज कुमार ने चार दिवसीय प्रशिक्षण के सत्रों,गतिविधियों क्रियाकलापों पर विस्तृत जानकारी दी ।उन्होंने सभी को ऊर्जावान रहते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता कांती वर्मा ,प्रवक्ता राम प्रसाद, रामचंद्र यादव एवं एसआरजी टीम के अंबिकेश त्रिपाठी, मनीष रस्तोगी, अमित मिश्रा सहित ए०आर० पी० एवं चयनित के० आर० पी० उपस्थित रहे।

### नवीन मंडी के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 63 बटालियन सीआरपीएफ के प्रयास से 63 बटालियन के नवीन मंडी के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन शुरू किया गया जिसमें जिलाधिकारी महोदय नीतीश कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत बर्मा , कमांडेंट 63 बटालियन सीआरपीएफ श्री छोटेलाल, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर, डीके सिंह ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे कारगिल दिवस के मौके पर एक व्यक्ति द्वारा दिया गया खून से कई व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है इस मुहिम को लेकर जिलाधिकारी , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्राचार्य मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर इत्यादि ने भूरी भूरी प्रशंसा की किया और 63 बटालियन सीआरपीएफ शिविर कार्यक्रम की काफी ज्यादा सराहना किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।